श्री नाहाटा के इस तर्क से मैं सहमत नहीं हूं कि हिन्दी को राजभाषा का पद इसलिए नहीं दिया गया कि वह इस देश के अधिकांश लोगों की भाषा थी श्री नाहाटा तो संविधान सभा में नहीं थे। मैं संविधान सभा का एक सदस्य था। उस समय भी मैं हिन्दी साहित्य सम्मेलन का अध्यक्ष था। हिन्दी को राजभाषा का जो पद दिया गया, वह सर्वमत से दिया गया। अभी भी यह गलत प्रचार किया जा रहा है कि संविधान सभा में केवल एक सदस्य के बहुमत से हिन्दी को राजभाषा का पद दिया गया। यह गलत बात है संविधान सभा में हिन्दी को राजभाषा का पद सर्वसम्मति से दिया गया। प्रस्ताव रखा था दक्षिण के श्री गोपालस्वामी अय्यंगर ने और संविधान सभा में अहिन्दी भाषा भाषियों का बहुमत था।

हिन्दी को यह पद इसलिए दिया गया कि इस देश के लगभग आधे लोगों की वह मातृ भाषा है और शेष स्थानों में, कुछ छोटे छोटे स्थलों को छोड़ कर, वह समझी जाती है। इसलिए श्री नाहाटा के इस तर्क का मैं विरोध करता हूं कि हिन्दी को राजभाषा का पद इसलिए नहीं दिया गया कि अधिक लोगों की भाषा थी, क्योंकि संविधान सभा में तर्क यही था कि उसी भाषा को राजभाषा का पद देना चाहिए जो सब से अधिक लोग बोलते हैं और जो सब से अधिक क्षेत्र में समझी जाती है। यदि हिन्दी की उपभाषाओं को डायलेक्ट्स को, हम शिड्यूल में भी भाषा के रूप में स्थान दे देंगे, तो फिर तो सचमुच हिन्दी का कोई स्थान नहीं रह जायेगा।

मेरे पूर्वज राजस्थान में थे। वे लोग 175 वर्ष पहले जैसलमेर, राजस्थान से जबलपुर गये थे। मुझे खेद है कि मैं स्वयं राजस्थानी नहीं बोल सकता हूं, परन्तु मैं राजस्थानी अच्छी तरह से समझ सकता हूं और भाषा मेरा एक विषय रही है—राजनीति में नहीं, प्रारम्भ से ही। इसलिए मेरा निवेदन है कि जो लोग राजस्थानी और दूसरी उपभाषायें बोलते हैं, उन को इस बात से संतुष्ट हो जाना चाहिए कि उन उपभाषाओं को साहित्य अकादमी में साहित्यिक बोलियों के रूप में स्थान मिला

जाये। लेकिन यदि इन उप भाषाओं का शिड्यूल में पृथक् पृथक भाषायें मान कर स्थान दिया गया, तो देश का बड़ा भारी अनर्थ हो सकता है। इसलिए जो विधेयक महाराजा साहब ने रखा है, मुझे खेद के साथ उस का विरोध करना पड़ रहा है।

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** (हापुड़) : सभापति महोदय, महाराज कर्णी सिंह ने जो विधेयक उपस्थित किया है, मैं उसका विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मेरे विरोध के कुछ आधार हैं। महाराज कर्णी सिंह अभी कुछ देर पहले यह कह रहे थे कि यदि कोई हिन्दी बोलने वाला राजस्थान के किसी कोने में चला जाय तो वह राजस्थानी को नहीं समझ सकेगा और इसी से राजस्थानी और हिन्दी का एक बहुत बड़ा अन्तर प्रतीत होता है।

**डा० कर्णी सिंह** : मैंने यह नहीं कहा। मैंने कहा कि हम एक दूसरे की गुजराती मराठी और पंजाबी समझते हैं।

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : सबसे पहले तो मैं यह कहना चाहता हूं कि राजस्थान में प्रचलित विभिन्न बोलियों में साहित्यक आधार पर कितना भेद है। मारवाड़ के क्षेत्र में, जो जोधपुर डिवीजन कहलाता है, मारवाड़ी बोली जाती है। मेवाड़ के क्षेत्र में, जो उदयपुर डिविजन कहलाता है, मेवाड़ी बोली जाती है। कोटा-बूंदी के क्षेत्र में हाड़ोती बोली जाती है। जयपुर के क्षेत्र में ढूंढारी बोली जाती है। गुड़गांव से लगते हुए मेवात के क्षेत्र में मेवाती बोली जाती है। ब्रज से लगते हुए भरतपुर क्षेत्र में ब्रज बोली जाती है। प्रतापगढ़ में मालवी बोली जाती है और जैसलमेर के क्षेत्र में, जिस में अभी नई रेलवे लाईन का उद्घाटन हुआ है, भाटी बोली जाती है। अब मैं आप से यह पूछना चाहता हूं कि महाराज कर्णसिंह इन बोलियों में से कौन सी बोली को राजस्थानी भाषा का स्थान देना चाहते है।

**श्री अमृत नाहाटा** : आप किस को देना चाहते हैं ?

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : हमारे देश में एक छोटी सी कहावत है कि दस मील की दूरी पर भाषा अपना स्वरूप बदल लेती है। जैसा कि अभी हमारे मित्र बता रहे थे, अगर मेरठ जिले का कोई रहने वाला बलिया, देवरिया में चला जाय, तो वह वहां पर प्रचलित हिन्दी या उस की शैली को समझ सकेगा इस में सन्देह दिखाई देता है। इसी तरह से क्या बलिया देवरिया का कोई आदमी झांसी और हमीरपुर की बुन्देलखंडी को समझ सकेगा?

यह तो दूर की बात है हरियाना वह राज्य है, जो हिन्दी के नाम पर बनाया गया है। यह उस समय की बात है, जब हमारे देश में ब्रिटिश गवर्नमेंट का राज्य था। पानीपत के स्टेशन पर हरियाणा के दो किसान खड़े हुए थे। दिल्ली की ओर से रेल आ रही थी। जब सिगनल हुआ तो उस को देख कर एक किसान दूसरे को कहता है, "देख वे भाई बन्दकी, म्हारे बटे की इंग्रेज का किसा राज तपं से, लाकड़ भी सलाम करण लाग रहें सैं।" मैं आप से यह पूछना चाहता हूं कि क्या यह हिन्दी है या नहीं। यह उस राज्य की बात है, जो हिन्दी के नाम पर बना है।

पीछे जिस समय सहारनपुर में गंगा से नहर निकली जा रही थी, उस समय एक ठेकेदार ने, जो उस नहर को खुदवा रहा था, सहारनपुरी बोली में एक कविता का ग्रन्थ लिखा। उस ने प्रारम्भ में ईश्वर की स्तुति में सहारनपुर की बोली में जो दो पंक्तिया लिखीं वह मैं आपको बताता हूं "तू ही म्हारा माल्लक, तू ही म्हारा खाल्लक, तू ही म्हारा बाप्पू और हम तेरे बाल्लक"। वह भी एक हिन्दी है।

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

इसी तरह से अगर आप मथुरा और अलीगढ़ में पहुंच जाइये, तो वहां पर हिन्दी ब्रज का स्वरूप ले लेती है । फैजाबाद के पास अवधी का स्वरूप धारण कर लेती है और उस से थोड़ा आगे मैथिली और भोजपुरी का स्वरूप ले लेती है ।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हिन्दी ने देश के भिन्न भिन्न भागों में स्थान-भेद से अपने स्वरूप में परिवर्तन किया है उसी प्रकार का उसका एक स्वरूप राजस्थानी का भी है।

मेरे मित्र,श्री नाहाटा, कह रहे थे कि मीरा के गीत हिन्दी भाषा के लिये एक बहुत बड़ी देन है। मीरा के गीतों का कौन अपमान करता है? मीरा का कौन सा गीत है जिस को हिन्दी में सम्माननीय स्थान प्राप्त नहीं है? मीरा, सूर, तुलसी, केशव, जायसी इन सभी ने समय समय पर अपने गीतों से हिन्दी साहित्य के भंडार को भरा है । हिन्दी साहित्य में अभिवृद्धि की है । आज भी हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग की सर्वोच्च परीक्षा, साहित्य रत्न, में पृथ्वीराज रासो पढ़ाया जाता है, जो डिंगल भाषा में लिखा गया है यही स्थिति चन्द्रवरदाई की कविताओं की है ।

मेरे कहने का स्पष्ट अभिप्राय यह है कि महाराज कर्णी सिंह आज इस प्रकार की मांग रखकर उन लोगों के हाथ में एक बहुत बड़ा हथियार देना चाहते है, जो हिन्दी का विरोध कर रहे हैं और इसी आधार पर दिखाना चाहते हैं कि हिन्दी का अपना कोई स्वरूप नहीं है, यह एक विकृत भाषा है. . . .

**डा० कर्णी सिंह** : यह मैंने नहीं कहा ।

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : लेकिन आप के इस विधेयक का निश्चित रूप से वही परिणाम होगा जिस परिणाम को आप लाना चाहते हैं । अभी कुछ देर पहले आप कह रहे थे कि राजस्थानी भाषा में एक साप्ताहिक पत्र निकलता है । मैंने देखा नहीं वह साप्ताहिक पत्र कौन सा है. . . (**व्यवधान**) . . . मैं महाराज कर्णी सिंह से यह पूछना चाहता हूं कि यह जो साप्ताहिक पत्र आप हाथ में लेकर दिखा रहे हैं क्या आप बताएंगे कि राजस्थान में इसके कितने ग्राहक हैं ? दूसरी बड़ी बात मैं कहना चाहता हूं, राजस्थान से अंग्रेजी का कोई पत्र आज प्रकाशित नहीं होता । दैनिक पत्र जितने राजस्थान से प्रकाशित होते है वह सारे के सारे हिन्दी भाषा के अन्दर प्रकाशित होते हैं । अगर राजस्थानी भाषा इस प्रकार की होती तो राजस्थान में जयपुर से राजस्थानी भाषा में भी पत्र प्रकाशित हो सकते थे । तीसरी बात यह है, सभापति जी, आप तो भाषा शास्त्र के स्वंयं विद्वान हैं । आप जानते हैं कि कोई भी भाषा, भाषा का स्थान तब लेती है जब उस का अपना कोई व्याकरण हो । व्याकरण के आधार पर ही फिर वह भाषा,भाषा का रूप लेती है । मुझे बड़ी प्रसन्नता होती अगर महाराज कर्णी सिंह जी अपने भाषण के अन्दर बताते कि राजस्थानी का व्याकरण कौन सा है और कौन पाणिनि हैं जिन्होंने इस व्याकरण की रचना की है ?

जहां तक लिपि का सवाल है अभी आप कह रहे थे कि मराठी की लिपि भी देवनागरी है और मराठी की लिपि देवनागरी होते हुए भी मराठी भाषा एक स्वतंत्र भाषा है । तो मैं पूछना चाहता हूं कि लिपि तो गोरखाली जो नेपाल में बोली जाती है उस की भी देवनागरी है । लेकिन गोरखाली भाषा का अपना एक स्वतंत्र स्थान है । मेरा कहना यह है कि लिपि के भेद से भाषा का भेद नहीं होता ।

हां, यह बात समझ में आई जो हमारे मित्र नाहाटा साहब ने कही कि राजस्थानी को बोली मत मानो लेकिन साहित्य अकादमी उसको एक पृथक भाषा के रूप में स्थान दे, ताकि राजस्थान में समय समय पर जो साहित्य सृजन हुआ है उस साहित्य की रक्षा हो। हमारे मित्र ने कहा कि 3 लाख पुस्तकें हस्तलिखित पड़ी हुई हैं। मैं यह चाहूंगा कि शिक्षा मंत्रालय या भारत सरकार का जो भी विभाग इस कार्य की देख रेख करता हो वह इन पुस्तकों को देखे। अगर उन पुस्तकों के अन्दर ऐसा किसी प्रकार का साहित्य जो देश की अगली पीढ़ी को कुछ देन दे सकता है तो उस साहित्य की रक्षा की जाय और उस का प्रकाशन किया जाय। लेकिन उस का अभिप्राय यह नहीं कि नाहाटा साहब या कर्णी सिंह जी यह कहें कि राजस्याननी को और एक सोलहवी स्वतन्त्र भाषा के रूप में इस देश में स्वीकार कर लिया जाय। इस प्रकार से एक उस सर्वसम्मत निश्चय से जो 20 वर्ष पहले हम ले चुके हैं उस से हम पीछे हट जायेंगे। इसलिये मेरा कहना यह है कि जिस प्रकार कुछ हिन्दी का विरोध करने वाले लोगों ने अब से कुछ समय पहले एक नारा लगाया और सुनने में वह बड़ा अच्छा लगा कि चलो न अंग्रेजी को राजभाषा बनाओ न हिन्दी को बनाओ, संस्कृत को राजभाषा बनाओ। उसी प्रकार की चाल यह भी है। वह जानते थे कि उस में व्यावहारिकता नहीं हो सकती थी। लेकिन यह समझते थे कि विरोध करने के लिए इसका एक प्रकार यह हो सकता है। इसी प्रकार की स्थिति राजस्थानी के नारे के अन्दर भी है। राजस्थानी की जो बोलियां हैं, उन में जो साहित्य है उन के प्रति हमारा उतना ही सम्मान है जितना कि महाराज कर्णी सिंह जी को होगा या किसी भी देशवासी को साहित्य के प्रति हो सकता है। लेकिन इसका यह अभिप्राय कदापि नहीं कि जो बोली है उस को भाषा का स्थान दे दिया जाय। मैं इस आधार पर इस विधेयक का सख्त विरोध करता हूं। बुद्धिमत्ता के नाते महाराज कर्णी सिंह से भी अनुरोध करूंगा कि वह इस विधेयक को ऐसे गलत समय पर लाये हैं जब कि भाषा के आधार पर देश में आग लगी हुई है। ऐसे समय में वातावरण को और विषाक्त करना यह उन की अपनी किसी मनोवृत्ति का परिचायक हो सकता है, लेकिन इस के पीछे कोई गंभीरता या बुद्धिमत्ता नहीं है। इसलिये मैं फिर अनुरोध करूंगा कि वह इस विधेयक को वापस ले लें और कहें कि जो स्थिति देश में है और ये भाषा के संबंध में हम ने संविधान में निर्णय लिया है उसी निर्णय का स्वागत किया जाय।

SHRI TENNETI VISWANATHAM (Visakhapatnam): Mr. Chairman, Sir, thank you very much for the opportunity given to me.

राजस्थानी व्याकरण रिटेन बाई श्री नरोत्तम दास।

The question was raised whether there is a written grammar of Rajasthani. I just enquired from Mr. Karni Singh and he has given me this book whose title I have read out. If Rajasthani people say that their language is different from Hindi and if Linguistic Commission says the same thing, why should I quarrel? If Rabindranath Tagore says that Rajasthani language is so vigorous and powerful, and its literature forms a part of the world literature, we should all be proud of Rajasthani. And let us say, 'Go ahead'. Why should we reduce it to the status of a mere dialect when people like Rabindranath Tagore were able to give us examples of songs which form part of world literature. The arguments given by Dr. Karni Singh were really very convincing to an objective listener like me and that was why I sought your indulgence and you were good enough to allow me a few minutes.

The Census Report has referred to the Rajasthani language and has given one crore and forty-nine lacs as the

[Shri Tenneti Viswanathan]

number of people speaking and writing it. Now what is the use of our quarrelling over it? If there is an entity called Rajasthan, if Todd writes 'Annals of Rajasthan',—and most of us derive our inspiration on Indian nationalism from the great heroic tales from Rajasthan, and if those Rajasthanis come and say that they have got a language, if those gentlemen come and say, "Do give a place for Rajasthani in the Schedule.", then let us give it. Let us give it in good-time, as Dr. Karni Singh said. Let us do a good thing in good time. Even a good thing done at a wrong time will not produce results. We have been seeing in this country that things which ought to be done today are not done today but are postponed and thus we are giving rise to all kinds of unnecessary suspicions and quarrels. Let us not, therefore, give room to the Rajasthanis who come from an area which has given us the most heroic traditions to this country, to go into any agitational path.

I heartily support the Bill moved by Dr. Karni Singh.

SHRI SEZHIYAN (Kumbakonam): I rise to support ....

SHRI RANDHIR SINGH: No body from this side? Haryana is contiguous to Rajasthan.

MR. CHAIRMAN: I have called Shri Sezhiyan.

SHRI SEZHIYAN: I rise to support the Bill introduced by Dr. Karni Singh asking for a place of honour for his mother-tongue in the Eighth Schedule. When I support this I want to assure Shri Prakash Vir Shastri and others that I am not opposed to anything else. As a Tamilian, I have got a fond affection for my own mother-tongue; I concede the same affection, the same human sentiment, to Seth Govind Das and Shri Prakash Vir Shastri. Similarly, I want to concede the same right to Dr. Karni Singh also..(Interruptions.. This is a question which should be considered above party lines. This has been amply demonstrated by another Member who followed Dr. Karni Singh. Even those who come from Congress ranks should rise up and say that Rajasthani should be given place; political considerations should not play any part here.

Therefore, when we consider this question, only two considerations should find a place in our arguments, namely, whether, as per the linguistic studies, as per philology, Rajasthani is an independent and distinct language to be considered, and secondly, whether it is considered as such in the political sense. If one were to go through the Census Report of India and philology, one will find that the world languages have been divided into four big families: Austric, Tibetan-Chinese, Dravidian family and Indo-European family. The Indo-European family has been sub-divided as Indo-Aryan sub-family; and Rajasthani language, as a language, finds a place in the Central Group of Inner Sub-Branch of Indo-Aryan Sub-Family. This Census Report has been prepared by persons of competence who know the linguistic pattern in the country and advice of eminent men like Dr. Suniti Kumar Chatterji and others has been taken. In this report it has been very clearly stated, 'Rajasthani language with its several dialects, has been included in the central group of the inner sub-branch of Indo-Aryan sub-family scheme.' It further says that Rajasthani has been treated as an independent language of the Central group.

One thing more I want to say because in the Census Report it has been given out that 14.9 million people have this as their mother tongue. Some people are raising that there are some sub-dialects. The Census Report concedes that point because in the opening words it says 'Rajasthani language has several dialects'. What about Hindi which has been said to be spoken by 133 million people? It contains as many as 97 dialects which constitute this figures. It contains

Aggarwali, Bundelkhandi, Bhagri, Bhagini, as many as 97 dialects. On the score that it contains as many dialects as 97, I cannot say that there is no language as Hindi. It will be too absurd. Therefore, just because Rajasthani has so many dialects, you cannot say that it is not a language. It has been conceded even in the Census Report. One thing we should see is whether Rajasthani is a language. It has been conceded by philologists and linguists because for any language to be considered an independent language, it should satisfy certain norms. It should have a different, basic pattern—its grammar, its syntax. Presence of mere common words does not follow that one language should be merged with the other language. In the same breath of logic I can say that there are many words which are found common between Malayalam and Tamil, between Tamil and Telugu and between Kannada and Tamil. By using the same argument I cannot say that all the four languages should be included in one language, that is, Tamil. The criterion is whether it has a district grammar, whether it has a distinct syntax, whether it has got a long tradition and literature by itself, whether it has been used by a set of people who show affinity and affection to that language when they are given the choice of a certain other language. All these tests have been proved by eminent linguists because Dr. Suniti Kumar Chatterji, when approached on the subject, gave a verdict that following the norms of this one, it has got a place by itself. Therefore, I would plead for giving a place of honour in the Eighth Schedule for the Rajasthani language. It has been treated as an independent language ont only in the Census Report but by eminent linguists also.

Then the second question comes. As per linguistic studies, as per the branch of philology, it has been treated as a separate language, accepted by eminent men like Dr. Suniti Kumar Chatterji, Poet Rabindranath Tagore, Pandit Madan Mohan Malaviya—all of them have conceded that point that it is an eminent language with a hoary literature and tradition. The only point now is the political one. Are we going to concede the demand of the Rajasthani people? And the Rajasthani people, irrespective of their Party affiliations, whether he is an Independent or Congressman, want this. Suppose the Rapasthani people did not want, then I am not going to thrust it on them. They want it that their mother tongue be recognized. It should not be construed as an opposition to anyone-else, it should be construed as a basic fundamental thing.

Mr. Prakash Vir Shastri was asking whether there are any magazines. I want to ask him personally whether there are any wide-spread magazine in the Sindhi language which has been spoken by 13 lakhs of people. It may be bceause they are numerically small or backward. Suppose there are no facilities, we should see that they get all the facilities. When there are about 15 million people speaking this language, we should see why it has not grown, why they have not got those facilities. Instead of giving them facilities, etc., we should not take advantage of it. Therefore, this is a very just claim to be considered by this House. I hope steps would be taken in time, as Mr. Tenneti Viswanatham said, good things should be done in time.

Sir, with these few words I wholeheartedly support this Bill and plead that it be passed.

मस्टर भोला नाथ (भलवर) : सभापति महोदय, यह राजस्थानी लैंग्वेज के बारे में जो बिल भाया है भोर जिसे महाराज कर्णी सिंह जी ने पेश किया है, में समझता हू कि हिन्दुस्तान के भन्दर जो फूट के बीज भब तक बोते भाये हैं. उसी सामन्तवादी तत्व की यह सूचना है। उन्होंने साफ तौर से कहा है भ्रोर वह जोधपुर, बीकानेर की पुरानी हिस्ट्री को याद करते हैं। बीकानेर महाराजा

[मास्टर भोला नाथ]

महाराज जोधपुर के रहने वाले हैं और जोधपुर से बीकानेर गये हैं और तीसरी स्टेट जिसकी लाख से ज्यादा आबादी नहीं है, वहीं से मेरे साथी नहाटा साहब आये हैं उन्होंने जैसलमेर का जिक्र किया है। उस भाग में बोली जाने वाली कोई छोटी-मोटी भाषा, टूटी-फूटी भाषा, जिसके बारे में अखबारों में छपा है, खास तौर से राजस्थान का अखबार "राष्ट्रदूत" जो कि वहां का प्रोमिनेंट अखबार है, वह कहता है कि यह सिंगार–रस की भाषा है, इस में तत्कालीन नरेशों के शौर्य का जिक्र है, इस के अलावा इस में कुछ नहीं है ।

डा० कर्णी सिंह : आप के गांव में लाखों लोग इसे नहीं बोलते हैं, सिर्फ राजालोग बोलते हैं ।

मास्टर भोला नाथ : उस में आपके शौर्य की ही गाथा है । मैं आपको एक बात और बतलाऊं—बीकानेर में एक छोटी सी असेम्बली थी, यह आपका खुद का विचार है जो "सत्य विचार" के नाम लिखा गया था, उस में लिखा है कि जो भाषा वहां रखी गई थी यानी विधान सभा की भाषा "हिन्दी" निर्णीत की गई थी । उस समय राज्य आपके हाथ में था, आप यदि मारवाड़ी भाषा या बीकानेरी भाषा उस समय बोलते थे, तो आप उस को उस विधान सभा में जारी करते, लेकिन आपने हिन्दी को जारी किया और आज हिन्दुस्तान की पालियामेंट में आकर बैठकर आप यह ख्वाब देखते हैं कि राजस्थानी जिसको आप अपने राज्य में बुलवा नहीं सके, अपनी विधान सभा में नहीं रख सकें, उस को आप यहां लाना चाहते हैं । इस से ज्यादा अफसोस की बात और क्या हो सकती है ।

मैं भी राजस्थान का रहने वाला हूं, वहां के एडमिनिस्ट्रेशन में भी रहा हूं. . . .

डा० कर्णी सिंह : हम इमोशनल इंटीग्रेशन चाहते हैं ।

मास्टर भोला नाथ : वहां की विधान सभा का एम० एल० ए० रहा हूं, शिक्षा विभाग से भी मेरा सम्बन्ध रहा है, लेकिन राजस्थान में राजस्थानी की कोई किताब पाठ्य-पुस्तक के रूप में मैंने नहीं देखी . . . .

श्री अमृत नहाटा : इस का मतलब है है कि राजस्थान में शिक्षा का विकास नहीं हुआ ।

मास्टर भोला नाथ : यह ठीक ह और इसलिये नहीं हुआ कि राजस्थान के अन्दर आप लोगों ने, राजा लोगों ने हमेशा अंग्रेजी को रखा, आपके यहां प्राईम मिनिस्टर हमेशा अंग्रेज हुआ करते थे । जोधपुर में भी अंग्रेज होता था और इन के यहां भी अंग्रेज होता था या पाणिकर साहब को बनाया था जो दक्षिण भारतीय थे और अंग्रेजी बोलते थे. . . . (व्यवधान) . . .

डा० कर्णी सिंह : आजादी के बाद की बात लीजिये ।

मास्टर भोला नाथ : महाराजा साहब कह रहे हैं कि यह लिंग्विस्टिक प्रान्त की बात नहीं है, आजादी के बाद की बात लीजिये– मैं वही कहना चाहता हूं । आपको याद होगा राजस्थान का नाम सब से पहले मत्स्य राज्य रखा गया था, लेकिन बाद में ये राजा– महाराजा चूंकि थोड़ा स अपना नाम रखना चाहते थे, इसलिये सरदार पटेल साहब ने इनको खुश करने के लिये राजस्थान नाम रखना मान लिया था क्योंकि ये अपने राज के शब्द को जिन्दा रखना चाहते थे। वैसे राजस्थान नाम का कोई प्रदेश नहीं था, बल्कि इस को राजपूताना कहा जाता

था। किसी लेखक ने मेवाड़ का इतिहास लिखने समय कहीं पर राजस्थान शब्द का प्रयोग किया था, बस उसी को लेकर राजस्थान नाम रख लिया गया। बल्कि मैंने इस पर संशोधन पेश किया था, कांस्टीट्यूशन में अमेंडमेंट पेश किया था कि इसका नाम राजस्थान नहीं रहना चाहिये; क्योंकि यह हमें राजाओं की याद दिलाता है, इस का नाम अरावली प्रदेश रखा जाये। इसका नाम राजस्थान क्यों रखा जाये, अगर ऐसा ही है तो आप लखनऊ का नाम भी नवाबी-स्थान रखिये, मध्य भारत का नाम ग्वालियर के नाम पर रखिये। लेकिन यह राजस्थान का नाम क्यों रखा जाता है ?

16.20 hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

DR. MAITREYEE BASU (Darjeeling): How can he suggest change in the name of Rajasthan?

मास्टर भोला नाथ : मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि यह जो राजस्थानी का नाम यहां पर लाया गया है वह बिल्कुल गलत तरीक़े से लाया गया है और उस प्रान्त का नाम भी यह राजस्थान प्रान्त नहीं होना चाहिए (व्यवधान) अब यह उत्तर प्रदेश का नाम उत्तर प्रदेश इस वजह से है कि वह उत्तर में स्थित है। मध्य प्रदेश का नाम मध्य प्रदेश इसलिए है क्योंकि वह मध्य में है और इसी सिद्धान्त पर हिमाचल प्रदेश का नाम हिमाचल प्रदेश रक्खा गया है। इसलिए यह मेरा कहना है कि राजाओं के नाम से तो कोई प्रदेश नहीं है और इसका नाम राजस्थान नहीं होना चाहिए। महाराजा साहब यह राजस्थानी लैंग्वेज का नाम क्यों रखते हैं ? महाराज कर्णी सिंह में कुछ दम हो तो उनको साफ़ तौर से कहना चाहिए था कि मैं अपने इलाके की भाषा का नाम मारवाड़ी भाषा रखना चाहता हूं। वहां पर मारवाड़ में मारवाड़ी बोली जाती है तो आप को मारवाड़ी नाम रखना चाहिए था। लेकिन उसमें आपका कोई समर्थन करने वाला नहीं है। खाली वह जो जोधपुर साइड के नहाटा साहब हैं वह आप के लिए—बोल रहे हैं, लेकिन और कोई आपके समर्थन में नहीं बोलेगा। वह जोधपुर का हिस्सा है वह आप को ध्यान में रखना चाहिए। (व्यवधान) आप अच्छे तरीक़े से जानते हैं कि गुजरात में गुजराती बोली जाती है, मारवाड़ में मारवाड़ी बोली जाती है, मेवाड़ में मेवाड़ी बोली जाती है और उसी तरह भरतपुर और मथुरा के आसपास बृजभाषा बोली जाती है। जैसा कि मैंने अभी कहा मारवाड़ में मारवाड़ी भाषा बोली जाती है इसलिए मैं यह कहे बगैर नहीं रह सकता कि यह जो महाराजा कर्णी सिंह ने राजस्थानी के बारे में अपना बिल पेश किया है वह राजस्थान में और हिन्दुस्तान में शरारत के बीज बोने के अलावा और कोई चीज नहीं है।

अभी जैसा आपने साहित्य अकादमी के बारे में कहा तो डा० त्रिगुण सेन की चिट्ठी में साफ़ तौर से कहा गया है कि राजस्थानी भाषा में साहित्यिक दर्जा देने का अभी कोई सवाल नहीं है। उस को मैं पढ़े देता हूं :

"Request for the recognition of Rajasthani. Rajasthani language did not satisfy the criteria laid down by the Committee of Linguistic Experts. The Committee was not in a position to recognise it as a modern language for purpose of recognition by the Sahitya Akademi as one of the Indian languages."

साहित्य अकादमी राजस्थानी भाषा को को रैकगनाइज करने के लिए तैयार नहीं है बल्कि वह और ज्यादा इसे कंडैम करते हैं।

"They are included in the programme of the Akademi which composes publications of the known material regarding literary

[मास्टर भोला नाथ]

activities in a particular language and the translation of literary classics ....".

अब यह आप नहीं कह सकते हैं कि वह अकादमी का कसूर है । अकादमी का कसूर नहीं है बल्कि आपका कसूर है कि आप इस तरह से उसे साहित्य अकादमी में शामिल नहीं करवा सके ।

अभी एक दूसरा सवाल महाराजा साहब ने उठाया कि यह सिंधी को क्यों रैकगनाइज़ किया गया है । मैं यह जो आपका पेपर्स इन इंडिया 1967 छपा हुआ है उसमें से मैं कोट करना चाहता हूं । अभी इन्होंने कुछ पत्र दिखलाये लेकिन यह जो छपा हुआ है, पेज 242 में उसमें लिखा हुआ है कि हिन्दी में 13 अख़बार छपते हैं, वीकली 140 छपते हैं । उसी तरीक़े से सिंधी में डेली तीन छपते हैं, वीकली 6 छपते हैं, लेकिन यह राजस्थानी के बारे में उसमें कोई जिक्र नहीं है न साप्ताहिक का जिक्र है न मासिक का ही कोई जिक्र है । सिंधी की जिसकी कि महाराजा साहब ने आलोचना की उसका तो जिक्र है लेकिन यह आप की राजस्थानी का कोई जिक्र नहीं है... (**व्यवधान**) इसलिए मेरा आप से निवेदन है कि यह जो प्रस्ताव लाया गया है यह बिल्कुल अपने पुराने संस्कारों को चालू रखने के लिए लाया गया है । यह राजस्थान का एक नक्शा बन चुका है जिसमें हम सब भाषाओं के लोग शामिल हैं, भिन्न भिन्न भाषाओं के बोलने वाले हैं चाहे वह बृजभाषा हो, गुजराती हो या ढूबड़ी आदि हो ।

एक खास बात मैं यह कहना चाहता हूं कि महाराजा साहब ने जानबूझ कर गंगानगर का जिक्र नहीं किया क्योंकि वह गंगानगर का इलाक़ा आम तौर पर पंजाबी भाषा बोलता है और उनकी मांग थी कि हम को इस बीकानेर स्टेट में से जो बीकानेर वाली रानी स्टेट है उसमें से निकल कर हम लोग पंजाब में चले जायेंगे । मेरा कहना है कि यह आप राजस्थान की जो एक नई समस्या खड़ी करना चाहते हैं तो मैं कहना चाहता हूं कि राजस्थानी लैंग्वेज के नाम से कोई उसका साहित्य नहीं है और जिसको किसी राज्य ने नहीं माना । 22 रजवाड़े जो कि राजस्थान में शामिल हैं उन्होंने भी इसे नहीं माना है । मैं चाहता हूं कि डा० कर्णी सिंह ने जो बिल पेश किया है उसको वापिस ले लें ।

**श्री मीठा लाल मीना** (सवाई माधोपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य डा० कर्णीसिंह के राजस्थानी को सांवैधानिक मान्यता प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव का समर्थन करता हूं । लेकिन यह राजस्थानी को सांवैधानिक मान्यता दिये जाने तथा राजस्थान के तीन करोड़ आदमियों के मुंह पर लगाये गये ताले को भारत सरकार स्वयं एक विधेयक प्रस्तुत कर खोलती तो वह ज्यादा अच्छा होता ।

राजस्थानी का नाम प्राचीन नहीं बल्कि आधुनिक है । इसमें कई भारतीय भाषाओं का समावेश है जैसे मेवाती, मालवी, बागड़ी, मारवाड़ी, और ढूंढाड़ी तथा कुछ उपबोलियां भी हैं । इन सभी बोलियों के समावेश को राजस्थानी नाम दिया है ।

मैं भी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के उस इलाक़े में से आता हूं जो कि उत्तर प्रदेश से मिलता जुलता है । वैसे मेरे भाई कई यह कहते हैं कि मारवाड़ी नहीं बोली जाती लेकिन कई भाषाओं का समावेश होकर जो भाषा है मैं उसी भाषा में बोलता हूं । राजस्थानी साहित्य तीन शैलियों में लिखा गया है । (1) जैन शैली, (2) चरण शैली, और (3) लौकिक शैली । राजस्थानी का साहित्य बहुत प्राचीन है और साथ ही साथ विस्तृत भी है । जब भारत की अन्य देश-भाषायें अभी गर्भ में ही थीं तो राजस्थानी में एक फलता फूलता

साहित्य विद्यमान था । राजस्थानी के बहुत बड़े-बड़े महाकाव्य पृथ्वीराज रासो तथा वंश भास्कर आदि महाकाव्य हैं जो कि आज के दिन भी हमारे साहित्य में बहुत बड़ा स्थान बनाये हुए हैं । वीर गाथा काल में तो बहुत सी पुस्तकें लिखी गईं । पद्य साहित्य के साथ-साथ गद्य साहित्य भी राजस्थानी में आरम्भ से ही लिखा जाता रहा है यहां तक कि हिन्दी के प्राचीनतम गद्य के उदाहरण राजस्थानी के ही हैं ।

इसके अलावा राजस्थानी का कथा साहित्य भी बहुत विस्तृत है । सन्त साहित्य में तो राजस्थानी सभी भाषाओं से ऊपर है । इस भाषा का अपना अलग शब्दकोष व व्याकरण है । मुरारीदान का डिंगल दोष प्रसिद्ध है । राजस्थानी भाषा का साहित्य प्राचीन काल से उपलब्ध है और उसका साहित्य हिन्दी के साहित्य से या किसी भी भारतीय भाषा के साहित्य से आसानी से टक्कर ले सकता है । राजस्थानी भाषा का कवि केवल कवि ही नहीं होता, वह कलम के साथ-साथ तलवार का भी धनी होता है । उसकी सप्राण कलम का चमत्कार संसार अनेक बार देख चुका है । मैं चाहूंगा कि राजस्थानी भाषा को मान्यता देकर भारत की अन्य भाषाओं के साथ उसका प्रचलन हो और वह उस तरह प्रचलित रही होती तो आज जिस प्रकार चीन व पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण किया था अगर राजस्थानी भाषा का भी साहित्य लोगों में उसी तरह से प्रचलित रहा होता तो भारतीय लोगों में उससे दुगना जोश आ जाता और वह शत्रुओं के हमलों का और भी ज्यादा जोर से जवाब दे सकते थे । उनके प्राचीन काव्यों की महाराणा प्रताप व पृथ्वीराज के पुत्र की घटना सुप्रसिद्ध है और मैं समझता हूं आप लोगों ने उसे अच्छे तरीके से सुना होगा कि उसका अकबर के ऊपर कितना असर हुआ था ? इस राजस्थानी भाषा के बारे में पंडित मदन मोहन मालवीय ने यह कहा है :

"राजस्थानी वीरों की भाषा है । राजस्थानी का साहित्य वीर-साहित्य है । संसार के साहित्यों में उसका निराला स्थान है । वर्तमान काल में भारतीय नवयुवकों के लिये तो उसका अध्ययन अनिवार्य होना चाहिए ।"

इसी तरह रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने कहा है : "रण सम्बन्धी राजस्थानी गीत संसार के किसी भी साहित्य और भाषा का गौरव बढ़ा सकते हैं ।" राजस्थान ने अपने रक्त से जो साहित्य निर्माण किया है उसके जोड़ का साहित्य और कहीं नहीं पाया जाता । राजस्थानी भाषा के साहित्य में जो एक भाव है, जो एक उद्वेग है, वह केवल राजस्थान के लिए ही नहीं सारे भारतवर्ष के लिए गौरव की वस्तु है ।"

राजस्थानी भाषा का भारत की अन्य भाषाओं में भी समावेश है । बृजभाषा व गुजराती तो इसकी सगी बहनें हैं जैसे अपभ्रंश, जाई जावई के स्थान पर राजस्थानी में जावै छै, गुजराती में जाय छै, हिन्दी में जाता है, बंगला में जाईते छै आदि होता है ।

कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि राजस्थानी भाषा में कोई पत्रिकाएं नहीं निकलतीं तो मैं उनको बतलाना चाहता हूं कि वर्तमान समय में तीन, चार मासिक पत्रिकाएं और एक पाक्षिक पत्र है । साहित्यिक संस्थाएं हैं जो साहित्य की प्रत्येक विधा पर साहित्य का प्रकाशन कर रही हैं । फिर यदि कोई बोली शक्ति संचय कर नियमबद्ध हो एक भाषा का रूप ले ले तो उसे भाषा न मानना कहां की ईमानदारी है ? यह भी नहीं भुलाया जा सकता कि इन्हीं परिस्थितियों से हिन्दी को भी गुजरना पड़ा था । जहां तक राजस्थान का सम्बन्ध है जब कांग्रेस ने शासन भार सम्भाला तभी उसके प्रान्तीय नेताओं ने केन्द्र के प्रति अपनी भक्ति का प्रदर्शन करने के लिये इस राजस्थानी भाषा का एक प्रकार से गला घोट दिया । किन्तु भाषा का जन्म और मृत्यु

[श्री मीठा लाल मीना]

राजनीतिक नेताओं के बस की बात नहीं होती। राजस्थानी का विकास होता रहा है, होता है और होता रहेगा। राजस्थान की दो ढाई करोड़ जनता की एक ही आवाज है कि जिस प्रकार अन्य भाषायें संसद् में सुनी जाती हैं उसी प्रकार हमारी राजस्थानी भाषा भी सुनी जाय। जिस राजस्थानी भाषा का विस्तार क्षेत्र के हिसाब से पहला स्थान है, जिस भाषा का प्रयोग करने से दुश्मन कांप उठता है दुःख की बात है कि उसे सरकारी भाषा बनाने में सरकार हिचक महसूस करती है। अन्य भाषाओं को सरकार स्वीकार करती है किन्तु राजस्थानी को नहीं। आखिर राजस्थानी ने क्या कसूर किया है कि जो भाषा हमारी समस्या का हल है जिसके सहारे हम किसी भी समस्या को हल कर सकते हैं आज सरकार उस भाषा को मान्यता देने के लिये तैयार नहीं है।

हमारे मित्र श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने कहा कि राजस्थानी में व्याकरण नहीं है उसका शब्दकोश नहीं है लकिन मैं आप को बतलाऊं कि तेरहपन्थी साहित्यकारों का वह साहित्य है जिसमें श्लोकों की संख्या 80 हजार के लगभग है।

**श्री स० मो० बनर्जी** : उसको सभा-पटल पर रखिये।

**श्री मीठा लाल मीना** : उसको मैं सभा-पटल पर नहीं रखना चाहता लेकिन उसकी एक आध कविता जरूर पढ़ कर सुनाना चाहता हूं :

"भाई एहड़ा पूतरण जेहड़ा राणा प्रताप
अकबर सूतोऔझ कै जाण सिराणों सांप।"

यह सारी चीजें राजस्थानी भाषा में ही थीं न कि आप की हिन्दी में। मैं श्री भोला नाथ के लिये भी बतलाता हूं कि क्या लिखा है :

"और अकबरी याह तेज तिहारो दुरकड़।
नम नम सू निसरीयाह राण बिना के राजती"

जिस तरह से अकबर राणा प्रताप के तेज को किसी प्रकार कम नहीं कर सका उसी प्रकार से उन जैसे कितने लोग भी राजस्थानी भाषा को खत्म नहीं कर सकते। वह फलती-फूलती रहेगी। जब किसी चीज की सहायता नहीं की जाती तो वह खुद अपने आप रास्ता ढूंढ लेती है। इससे आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि दूसरे प्रदेशों के संसद् सदस्य भले ही विरोध करते रहें, लेकिन राजस्थान के अधिकांश सदस्य इसका समर्थन अगर करते हैं तो मेरे ख्याल से इस को रोका नहीं जा सकता।

**श्री प० ल० बारूपाल** (गंगानगर) : *Spoke in Rajasthani**

**श्री ओ० प्र० त्यागी** (मुरादाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी जन संघ पार्टी की ओर से इस बिल का विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मुझे इस बात को जान कर बड़ा खेद हुआ है कि आज राजनीतिक नेता लोग जिनमें सामाजिक सेवा के बल पर आगे बढ़ने की योग्यता नहीं है आज जाति, भाषा और प्रान्त के नाम पर अपने नेतृत्व को आगे लाने का प्रयत्न कर रहे हैं और अपने स्वार्थ के लिए इस देश की एकता के ऊपर अपना झंडा खड़ा करने का प्रयत्न कर रहे हैं।

आज मैं कहना चाहता हूं कि राजस्थानी भाषा बहुत अच्छी है, इसलिये उसके विरोध का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता उस में बड़ा साहित्य है। लेकिन यह बिल जिस ढंग से आया है और उसमें जिस प्रकार की भावना पैदा की गई है, मैं समझता हूं कि वह बहुत ही खतरनाक है। अगर यह बिल पास हुआ तो केवल राजस्थानी भाषा का ही सवाल नहीं आता क्योंकि तब इस देश में जो भी बोलियां बोली जाती हैं उनको मान्यता देने का प्रश्न पार्लियामेंट में आयेगा। मैं राजा साहब से कहना चाहता हूं कि संविधान की आठवीं अनुसूची में भाषा का नाम आ जाने से ही

*The Member did not furnish the translation in Hindi or English, of his speach.

कोई भाषा राष्ट्र भाषा नहीं बन जाती। यहां पर सभी भाषाओं का समान दर्जा है। इसलिये उसके संविधान में आने न आने का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। 8वीं अनुसूची में जो भाषायें दी हुई हैं उनके सम्बन्ध में 344वें अनुच्छेद में इस प्रकार लिखा हुआ है :

> "राष्ट्रपति, इस संविधान के प्रारम्भ से पांच वर्ष की समाप्ति पर तथा तत्पश्चात् ऐसे प्रारम्भ से दस वर्ष की समाप्ति पर, आदेश द्वारा एक आयोग गठित करेगा और एक सभापति और अष्टम अनुसूची में उल्लिखित भिन्न भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले ऐसे अन्य सदस्यों से मिल कर बनेगा जैसे कि राष्ट्रपति नियुक्त करे, तथा आयोग द्वारा अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया भी आदेश परिभाषित करेगा।"

इसका स्पष्ट अर्थ है कि राष्ट्रभाषा हिन्दी के विकास के लिये जितनी भाषायें 8वीं अनुसूची में हैं उनके सहयोग से हिन्दी भाषा की प्रगति की जाये। जब राजा साहब राजस्थानी भाषा की बात करते हैं तो मैं उनसे एक प्रश्न करना चाहता हूं कि जब उनको राजस्थानी भाषा से इतना प्रेम था तब वह अपने राज्यकाल में उस को लेकर क्यों नहीं आये ?

**डा० कर्णी सिंह :** मैंने राज्य कभी किया ही नहीं। जिन्होंने राज्य किया है, माननीय सदस्य उनसे पूछें। मैं तो केवल लोक सभा का सदस्य हूं।

**श्री प्रो०प्र० त्यागी :** : राजस्थान के जितने भी राजा थे क्या वह नालायक और अयोग्य थे कि उन्होंने अपने यहां हिन्दी भाषा को रखा। मैं राजा साहब से कहना चाहता हूं, जो कि इस बिल को लाए हैं कि जरा अपनी आस्तीन में मुंह डाल कर देखें कि क्या वह राजस्थान से दुश्मनी नहीं कर रहे हैं। (व्यवधान)

मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि राजस्थानी जिस भाषा का नाम है वह मारवाड़ी है। राजस्थान में 22 बोलियां हैं। उन 22 बोलियों का अपना अपना अधिकार है और समान रूप में अधिकार है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या राजस्थान में 22 बोलियां नहीं बोली जातीं ? लेकिन राजस्थानी क्या है ? वह हिन्दी की बिगड़ी हुई बोली है। इस को सुन कर शायद लोगों को आश्चर्य होगा लेकिन मैं इस बात को उपस्थित करना चाहता हूं कि राजस्थानी क्या है। राजस्थानी में आकार का इंकार उच्चारण किया जाता है जैसे जन को जिण बोला जाता है। जन शब्द शुद्ध है और उसको बिगाड़ कर जिण कर दिया है। उसी तरह का मनुष्य है। सिरोही भाषा में उसको मिनक बोला जाता है। मनष्य की जगह मिनक कर दिया और वह राजस्थानी बन गई। चमकना शब्द है। उस को चिपकणा कर दिया। यह बिगड़ा रूप भाषा बन गई। यह बात मेरी समझ में नहीं आती। अभी राजा साहब बोल रहे थे कि इन्न शुद्ध शब्द है। राजस्थानी में उसको अन्तर बोलते हैं और वह शब्द बन गया बिगड़ा हुआ स्वरूप।

**डा० कर्णी सिंह :** गुजराती में क्या है?

**श्री प्रो० प्र० त्यागी :** बिगड़े हुए शब्द अगर भाषा बन जाते हैं तो यह बात मेरी समझ में नहीं आती।

श्री ग्रमृत नहाटा : ग्रन्तर से इस बना है ।

श्री ग्रो० प्र० त्यागी : यह माननीय सदस्य की बुद्धि का चमत्कार है ।

इसके पश्चात् इसका उल्टा अर्थात् इकार ग्रौर उकार का ग्रकार बन जाता है, जैसे मनुष्य का 'मनख' 'दिन' का 'दन' 'किनार' का 'कनार' उर्दू के शब्द 'हाजिर' का 'हाजर' 'मालूम' का 'मालम' 'दिल्ली' का 'दल्ली' ग्रौर 'मिलात' का 'मलाप' कर दिया तो हो गई राजस्थानी भाषा ! फिर राजस्थानी में 'स' का 'ह' हो जाता है जैसे जैसे 'सात' का 'हात' 'सो' का 'हो' ग्रौर 'साग' का 'हाग' ।

SHRI NAMBIAR: 'Mother' and 'Matha' English and Hindi are the same., वास्तव में यह हिन्दी का बिगड़ा हुग्रा स्वरूप है, लेकिन इसको एक ग्रलग भाषा बना कर खड़ा कर दिया गया है । जो हिन्दी हमारे साहित्य ग्रौर हमारी पुस्तकों में लिखी जाती है, मैं चैलेंज के साथ कहता हूं कि कोई बताए कि वह देश के कौन से क्षेत्र में बोली जाती है । जैसा कि सब जानते हैं, हर बीस मील के फासले पर बोली बिगड़ कर एक नई बोली बन कर खड़ी हो जाती है ग्रगर राजस्थानी को संविधान के शिड्यूल में सम्मिलित कर लिया गया, तो परिणाम क्या होगा ? भारतवर्ष में लगभग साढ़े सात सौ बोलियां हैं । उन सब को संविधान के शिड्यूल में सम्मिलित करने की मांग की जायेगी ग्रौर इस प्रकार भाषा के नाम पर यह संविधान एक जंगल बन जायेगा ।

मैं ग्रापको एक ग्रौर उदाहरण देना चाहता हूं इंगलैण्ड, स्काटलैण्ड ग्रौर वेल्ज में इंगलिश भाषा के उच्चारण में फ़र्क है । स्काटलण्ड में बोलते हैं 'गर्ल', 'वर्ल्ड'— इसमें 'र' का उच्चारण होता है, लेकिन वेल्ज में वह 'र' उड़ जाता है ग्रौर वहां बोलते हैं 'गल', 'वल्ड' । लेकिन केवल भाषा के उच्चारण में भेद होने से स्काटलैण्ड ग्रौर वैल्ज की भाषा नई नहीं बन जाती है । चूंकि इंगलिश भाषा के उच्चारण में ग्रन्तर है, इस लिए स्काटलैण्ड ग्रौर वेल्ज के लोगों ने ग्रपनी ग्रपनी भाषाग्रों के लिए कोई मांग नहीं की है ।

श्री ग्रमृत नहाटा : क्या पंजाबी ग्रौर गुजराती भी हिन्दी की बोलियां हैं ?

श्री ग्रो० प्र० त्यागी : ग्राप ग्रपनी ग्रास्तीन में मुंह डालिये । पंजाबी बोली है । मैं केवल राजस्थान की बात नहीं कहता, बल्कि जिन लोगों में समझदारी ग्रौर बुद्धिमानी है, वे राज्य भी ग्रलग होते हुए भाषा की शुद्धता को बनाये रखने की कोशिश करते हैं ग्रौर केवल उच्चारण में ग्रन्तर होने के कारण ग्रपनी ग्रलग भाषा नहीं बना लेते हैं । इंगलैंड, कैनेडा, ग्रमरीका ग्रौर ग्रास्ट्रेलिया की बोलियों के उच्चारण में ग्रन्तर है, लेकिन फिर भी इन सब ने ग्रपनी भाषा इंगलिश ही मानी हुई है—उन्होंने ग्रपनी बोलियों को भाषा का रूप नहीं दिया है ।

मैं ग्रपनी बात नहीं कहता । 1872, 1875 ग्रौर 1879 में जान बीम्ज ने ग्रौर 1907–08 में जान ग्रब्राहम ग्रीयरसन ने भारतवर्ष की भाषाग्रों के सम्बन्ध में बहुत बड़े ग्रन्थ लिखे । उन्होंने राजस्थानी भाषा को ग्रलग मान कर खड़ा नहीं किया ।

श्री ग्रमृत नहाटा : ग्रीयरसन ने राजस्थानी को लैंग्वेज माना है ।

श्री ग्रो० प्र० त्यागी : वह हिन्दी का बिगड़ा हुग्रा स्वरूप है । माननीय सदस्य जिस परिभाषा में राजस्थानी को ला रहे हैं, ग्रगर उस परिभाषा को लागू किया जाये, तो दूसरे प्रान्तों की सभी बोलियां भाषायें बन कर खड़ी हो जाती हैं ।

हम देख रहे हैं कि डी० एम० के० के माननीय सदस्य इस विधेयक का समर्थन कर रहे हैं । मैं कहना चाहता हूं कि राजा साहब के पिता ने इस देश की रक्षा, इस देश की धर्म

और संस्कृति की रक्षा में अपना खून बहाया था लेकिन आज वह इस सदन में इस बिल को पेश कर के जयचन्द का काम कर रहे हैं, इस देश की पीठ में छुरा मार रहे हैं। (व्यवधान)

SHRI RANDHIR SINGH: That is bad.

श्री ओ० प्र० त्यागी : हिन्दी को इस देश की अल्पमत की भाषा घोषित करने के लिए और यह साबित करने के लिए कि हिन्दी यहां की मैजारिटी की भाषा नहीं है, आज उन्होंने यह कदम उठाया है और उनको समर्थन मिल रहा है डी० एम० के० से।

इस बिल पर बड़ी गम्भीरता के साथ विचार करने की आवश्यकता है अगर हमने बोलियों को भाषा मान कर संविधान में शामिल किया, तो पार्लियामेंट एक संघर्ष का अखाड़ा ही नहीं बन जायेगा, हर एक प्राविंस से इस प्रकार की मांगें आनी शुरू हो जायेंगी। आज तो केवल राजस्थानी का प्रश्न है, लेकिन कल मारवाड़ी और सरोही अलग प्राविंस बनाने की मांग की जायेगी, जिससे यह देश टुकड़े टुकड़े हो जायेगा और इसकी एकता और सुरक्षा ख़तरे में पड़ जायेगी।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का विरोध करता हूं।

डा० कर्णी सिंह : इस बारे में जनसंघ की राजस्थान की शाखा क्या कहती है ?

DR. MAITREYEE BASU (Darjeeling): Mr. Deputy-Speaker, I am the last person to support rajas and maharajas but, unfortunately, today this controversy has taken such a turn that I am forced to speak. I speak very seldom but today, specially the hon. Speaker just previous to me has shown great knowledge in linguistics. I have great respect for such persons. They say such things as cannot be proved or disproved. Language is a thing the definition of which he does not know and he is speaking on language as a specialist! He says that Welsh is only a little variation from English. He does not know anything about Welsh or the Welsh movement that is going on in England on language. This is the sort of speech that has been delivered here today.

Our great poet, Rabindranath, had said:

Nijere karite gaurava dan,

Nijere keboli kori apaman,

These Hindi-speaking people, in order to give themselves the honour that is not due to them, do dishonour to themselves more. I am one of those people who accept Hindi as the link language of the country.

DR. KARNI SINGH: Of course; we all do.

DR. MAITREYEE BASU: But the arrogance of the Hindi-speaking people. (*Interruption*)

DR. KARNI SINGH: That is what rubs us the wrong way.

DR. MAITREYEE BASU:.... makes me antgonistic to it. If you honour your own language you must honour other languages also. In order to honour your own language, you are throwing invectives on Rajasthani.

